


भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
निगमित कार्यालय : राजीव गाँधी भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली–110003

Designed & Printed by Pamm Advertising & Marketing



15वीं वार्षिक रिपोर्ट 2009–10

# भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण



भारतीय हवाई अड्डों की बदलती तस्वीर–बेहतर भविष्य की ओर



मैंगलोर हवाई अड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन का आंतरिक दृश्य



वाराणसी हवाई अड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन का आंतरिक दृश्य

# विषय सूची





भा वि प्रा बोर्ड के सदस्य ........ 2

सदस्य रिपोर्ट ........ 3

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं विकलांग कार्मिकों का प्रतिनिधित्व ........ 13

वित्तीय स्थिति ........ 18

कार्य निष्पादन पर एक दृष्टि ........ 20

तुलन पत्र ........ 22

लाभ–हानि लेखा ........ 24

संलग्नक, लेखों के भाग के रूप में टिप्पणियाँ एवं लेखा नीतियां ........ 28

नियंत्रक एवं महालेखाकार की लेखापरीक्षा रिपोर्ट ........ 54

# बोर्ड के सदस्य



**वी.पी. अग्रवाल**
अध्यक्ष



**डा. एस.एन.ए. जैदी**
डीजीसीए एवं पदेन सदस्य



**ई.के. भारत भूषण**
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, नागर विमानन मंत्रालय



**आलोक सिन्हा**
संयुक्त सचिव, नागर विमानन मंत्रालय



**दीपक पारेख**
अंशकालिक सदस्य



**सज्जन जिन्दल**
अंशकालिक सदस्य



**अरुण एल. बोंगिरवार**
अंशकालिक सदस्य



**पी. सेठ**
सदस्य (प्रचालन)



**सतीश सी. छतवाल**
सदस्य (वित्त)



**के.के. झा**
सदस्य (कार्मिक व प्रशासन)



**एस. रहेजा**
सदस्य (योजना)



**एम.सी. किशोर**
कार्यपालक निदेशक (निगमित कार्य) एवं कम्पनी सचिव





# सदस्य रिपोर्ट 2009-10

## प्रस्तावना

वर्ष 2009–10 के दौरान विमान यातायात तथा यात्रियों की संख्या में बहुत वृद्धि हुई । पिछले वर्ष की तुलना में यह वृद्धि दर विमान संचलन के मामले में 1.9% तथा यात्रियों के मामले में 15.52% रही। राजस्व अब तक की सबसे ऊंचाइयों को छूते हुए ₹4615 करोड़ रहा जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 10% अधिक रहा । इसी तरह विभिन्न हवाई अड्डों पर अवसंरचना कार्यों पर पूंजीगत व्यय ₹2547.52 करोड़ से बढ़कर ₹2742.54 करोड़ हो गया । प्राधिकरण नए टर्मिनलों, धावन पथों, सी एन एस–ए टी एम सुविधाओं इत्यादि के उन्नयन जैसे कार्यों के द्वारा प्रगति करता रहा । चालू वर्ष का परिदृश्य भी आशावादी है तथा प्रबंधन चालू वर्ष की समाप्ति भी सुदृढ़ आधार पर करने के प्रति आश्वस्त है। तथापि, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा पूंजीगत परियोजनाओं के लिए धन उपलब्ध कराने हेतु ऋण लेना परेशानी का एक विषय रहा है । वर्ष 2009–10 के दौरान आन्तरिक संसाधनों को ध्यान में रखते हुए यह उधारी ₹550 करोड़ थी। चालू वर्ष में भी प्राधिकरण अपनी पूंजीगत व्यय संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बाजार/बैंकों से उधार लेगा ।

## मुख्य विशेषताओं पर एक दृष्टि

- कोलकाता व चेन्नई हवाई अड्डों की बड़ी परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समयानुसार प्रगति पर है ।
- मदुरै, अहमदाबाद, त्रिवेन्द्रम, जयपुर, कूच बिहार, डिब्रूगढ़, मैंगलोर, मैसूर तथा बारापानी (शिलांग) हवाई अड्डों में नए टर्मिनल भवनों का निर्माण पूरा किया गया ।
- उदयपुर, पोर्ट ब्लेयर, अगरतला, गुवाहाटी, बागडोगरा, औरंगाबाद, भोपाल, इन्दौर, कोयम्बतूर, कुडाप्पा, विजयवाडा तथा पांडिचेरी में धावन पथ/एप्रन के विस्तार/सुदृढीकरण का कार्य संपन्न किया गया ।
- उदयपुर, देहरादून तथा गोंडिया में नवीन तकनीकी ब्लॉक सह नियंत्रण टावरों के निर्माण का कार्य संपन्न किया गया ।
- डॉ बी0 आर0 अम्बेडकर अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, नागपुर 7 अगस्त, 2009 को संयुक्त उद्यम कम्पनी नामतः एम आई एच ए एन इंडिया प्रा0 लि0 को प्रचालन, अनुरक्षण तथा विकास हेतु सौंपा गया ।
- चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर पंजाब तथा हरियाणा सरकारों द्वारा इस परियोजना के लिए उपलब्ध कराई गई भूमि पर एकीकृत टर्मिनल भवन के निर्माण व प्रचालन हेतु 28 जनवरी, 2010 को एक नई संयुक्त कम्पनी नामतः ''चंडीगढ़ अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड '' (सी एच आई ए एल) स्थापित की गई।
- गगन परियोजना अंतिम प्रचालन चरण (एफ ओ पी) में प्रवेश कर चुकी है ।
- निआमार को सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1960 के अधीन पंजीकृत सोसाइटी (स्वायत्तशासी निकाय) के रुप में पंजीकृत किया गया है।

## वित्तीय निष्पादन

वर्ष 2009–10 के दौरान भा.वि.प्रा. की वित्तीय विशेषताएं निम्नलिखित हैं:

₹ करोड़ में

| विवरण | 2009–2010 | 2008–2009 |
|---|---|---|
| क. राजस्व | 4,615.29 | 4,185.95 |
| ख. व्यय | 3,386.85 | 3,070.23 |
| ग. कर पूर्व लाभ | 1,228.44 | 1,115.72 |
| घ. कर के लिए प्रावधान | 575.65 | 535.57 |
| च. आस्थगित कर देयता/(परिसम्पत्ति) | (59.50) | (107.06) |
| छ. कर पश्चात लाभ | 712.29 | 687.21 |
| ज. लाभांश | 142.50 | 137.40 |
| झ. लाभांश पर कर | 23.67 | 23.35 |
| ट. आरक्षित के लिए विनियोजन | | |
| (i) विशिष्ट आरक्षित | 218.44 | 210.58 |
| (ii) सामान्य आरक्षित | 641.62 | 517.15 |
| (ठ) आन्तरिक संसाधन | 1,283.87 | 1,152.25 |

*अंतरिम लाभांश सहित

### कुल राजस्व ₹. 4615.29 करोड़




### कुल व्यय ₹. 3386.85 करोड़




## पूंजीगत संरचना

₹ करोड़ में

| विवरण | 31.3.2010 को | 31.3.2009 को |
|---|---|---|
| क. सरकारी पूंजी | 623.34 | 573.76 |
| ख. आरक्षित एवं अधिशेष | 6,669.24 | 5,789.84 |
| ग. ऋण | 671.94 | 230.05 |
| घ. शुद्ध मूल्य | 7,134.31 | 6,209.56 |
| च. नियोजित पूंजी | 3,284.98 | 3,230.54 |
| छ. कार्यशील पूंजी | (1,030.99) | (313.60) |

## सरकार को भुगतान

वर्ष के दौरान, कर को छोड़कर भारत सरकार को निम्नलिखित भुगतान किए गए:

₹ करोड़ में

| | |
|---|---|
| लाभांश | 37.40 |
| गारंटी शुल्क | 2.10 |
| सरकारी बजटीय सहायता ऋण पर ब्याज | 4.77 |
| सरकारी ऋणों का पूर्वभुगतान/पुनर्भुगतान | 27.62 |
| योग | 71.89 |

## विदेशी मुद्रा

वर्ष 2009–10 के दौरान पूंजीगत सामग्री की खरीद, अतिरिक्त पुर्जे, विदेशी यात्रा, विदेशी ऋणों के पुनर्भुगतान आदि पर लगभग ₹ 244.39 करोड खर्च किए गए। भा. वि. प्रा. द्वारा विदेशी मुद्रा का मानित अर्जन लगभग ₹ 1009.76 करोड़ था ।

## सरकार की ओर से भुगतान

वर्ष के दौरान, भा. वि. प्रा. ने सरकार से बजटीय सहायता के रुप में ₹ 99.15 करोड प्राप्त किए । पूर्वोत्तर परिषद ने देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के हवाई अडडों के विकास व उन्नयन के लिए अनुदान के रूप में ₹ 70 करोड़ दिए ।

## पूंजीगत व्यय

2009–10 में भा. वि. प्रा. द्वारा किया गया पूंजीगत व्यय ₹ 2742.54 करोड था, जो अब तक का अधिकतम था । यह भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा कई अवसंरचना परियोजनाओं को हाथ में लेने तथा निगमित मुख्यालय स्तर पर चालू कार्यों की निरंतर मानीटरिंग से संभव हुआ है ।

## हवाई अड्डों की लीजिंग से आय

वर्ष के दौरान संयुक्त उद्यम कम्पनियों से ₹ 930.60 करोड़ (डी आई ए पी एल – ₹ 538.92 करोड़ व एम आई ए पी एल – ₹ 391.68 करोड़) राजस्व भाग के रूप में प्राप्त किए।

## सदस्यों के उत्तरदायित्वों का विवरण

यह सुनिश्चित किया गया कि :

- वार्षिक लेखों की तैयारी में तथ्यों से हटने के संबंध में उचित स्पष्टीकरण सहित, लागू लेखा मानकों का पालन किया गया ;
- सदस्यों ने ऐसी लेखा नीतियों का चयन किया और उन्हें एकरूपता से लागू किया व प्राक्कलन एवं अनुमान लगाए जो कि तर्कसम्मत और विवेकसम्मत हैं ताकि उससे वित्तीय वर्ष 2009–10 के अंत में प्राधिकरण की वास्तविक व स्पष्ट स्थिति तथा उस अवधि में प्राधिकरण का लाभ दिखाई दे ।
- सदस्यों ने समुचित लेखा रिकार्डों के रख–रखाव के लिए उचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती।

## संभाला गया यातायात

| विवरण | इकाईयाँ | अन्तर्राष्ट्रीय | अंतर्देशीय | कुल |
|---|---|---|---|---|
| विमान संचलन | संख्या में | 2,82,204 | 10,48,688 | 13,30,892 |
| संभाले गए यात्री | संख्या में | 3,43,67,929 | 8,93,87,504 | 12,37,55,433 |
| कार्गो | टनों में | 12,70,712 | 6,90,900 | 19,61,612 |

## 2009–10 में पूरे किए गए प्रमुख कार्य

- अमृतसर हवाई अड्डे पर 3 अतिरिक्त पार्किंग बे का निर्माण तथा टर्मिनल भवन (चरण ।।) का मॉडुलर विस्तार।
- चेन्नई हवाई अड्डे पर 24, 25 व 29 बे के लिए एयरोलिंक का निर्माण तथा एयरोब्रिज व ट्रैवलेटर का प्रावधान ।
- चेन्नई हवाई अड्डे पर कमाण्डो और सुरक्षा बलों के लिए बैरेक का निर्माण।
- चेन्नई हवाई अड्डे पर टैक्सीवे से जुड़े बी– 747 विमान के लिए 4 नाइट पार्किंग स्टैण्ड का निर्माण ।
- त्रिवेन्द्रम हवाई अड्डे पर 8 बे, टैक्सीवे, भू–सहायक उपकरण क्षेत्र व शोल्डर आदि का निर्माण ।
- बागडोगरा हवाई अड्डे पर एप्रन का विस्तार ।
- कुडप्पा हवाई अड्डे पर धावनपथ, टैक्सीवे व एप्रन का निर्माण ।
- कोयम्बटूर हवाई अड्डे पर पार्ट समानान्तर टैक्सीवे का निर्माण तथा एप्रन का विस्तार ।
- गोंडिया हवाई अड्डे पर समानान्तर टैक्सीवे तथा उससे जुड़े कार्य, नए यात्री लाउंज, नियंत्रण टॉवर, फायर स्टेशन, चारदीवारी एवं आवासीय क्वार्टरों का निर्माण ।
- सूरत हवाई अड्डे पर टर्मिनल भवन (चरण ।।) का निर्माण ।
- उदयपुर हवाई अड्डे पर धावनपथ व संबंधित कार्यो का विस्तार व सुदृढ़ीकरण ।
- उदयपुर हवाई अड्डे पर नए तकनीकी ब्लॉक–व–कंट्रोल टॉवर, फायर स्टेशन व प्रचालन कार्यालय का निर्माण ।
- जयपुर हवाई अड्डे पर नए अन्तर्राष्ट्रीय टर्मिनल कॉम्प्लैक्स तथा नए एप्रन व टैक्सीवे का निर्माण ।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

- देहरादून हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन, तकनीकी ब्लॉक–व–कंट्रोल टॉवर, फायर स्टेशन तथा आपातकालीन चिकित्सा केन्द्र का निर्माण।
- लखनऊ हवाई अड्डे पर चार विशालकाय विमानों के लिए एप्रन व टैक्सीपथ का निर्माण।
- कूच बिहार हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का निर्माण ।
- पोर्टब्लेयर हवाई अड्डे पर एप्रन व अतिरिक्त टैक्सीपथ का विस्तार।
- अगरतला हवाई अड्डे पर मौजूदा धावनपथ का सुदृढ़ीकरण तथा एप्रन का विस्तार व सुदृढ़ीकरण।
- डिब्रूगढ हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का निर्माण।
- गुवाहाटी हवाई अड्डे पर धावनपथ का विस्तार, लिंक टैक्सीवे, आइसोलेशन विमान पार्किंग स्टैंड एवं नए एप्रन का निर्माण ।
- मंगलौर हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन तथा एप्रन का निर्माण।
- विजयवाडा हवाई अड्डे पर धावनपथ का विस्तार व सुदृढ़ीकरण, नए एप्रन, टैक्सीपथ व संबंधित कार्यो का निर्माण।
- औरंगाबाद हवाई अड्डे पर इलेक्ट्रीकल कार्यो सहित धावनपथ का विस्तार ।
- राजाभोज हवाई अड्डा, भोपाल पर धावनपथ का विस्तार व सुदृढ़ीकरण, आइसोलेशन बे व संबंधित कार्यो का सुदृढ़ीकरण।
- गोवा हवाई अड्डे पर नए अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल भवन के लिए मौजूदा एप्रन के निकट नए एप्रन का निर्माण ।
- इंदौर हवाई अड्डे पर धावनपथ का विस्तार व सुदृढ़ीकरण तथा आइसोलेशन बे व टैक्सीवे का निर्माण ।

## प्रचालनात्मक सुविधाएँ

- प्रचालन विभाग में दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद तथा बैंगलोर हवाई अड्डों के अनुसूचियों के लिए केन्द्रीयकृत प्रवेश द्वार को आरंभ करके हवाई अड्डा सूचना प्रबंधन प्रणाली (ए आई एम एस) को सुप्रवाही बनाया गया । परिणामस्वरुप निगमित मुख्यालय व नागर विमानन मंत्रालय को इन हवाई अड्डों पर उड़ानों के देरी आदि संबंधी उचित रिपोर्टिंग होने लगी है ।
- सभी नई अवसंरचना के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के हवाई अड्डों पर अवसंरचना परिवर्तन हेतु सुरक्षा निर्धारण प्रक्रिया आरंभ की गई है । इस संबंध में गुवाहाटी, कोलकाता, कोयम्बटूर, सूरत, कालीकट व वडोदरा हवाई अड्डे से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं तथा उनके अनुमोदन के लिए डी जी सी ए को कागजात प्रस्तुत कर दिए गए हैं।
- निगमित सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली मैनुअल की अपेक्षाओं को पूरा करते हुए प्रचालन निदेशालय मैनुअल तैयार कर लिया गया है तथा इंफोसारथी पर अपलोड कर दिया है ।

## वाणिज्य गतिविधियाँ

भा.वि.प्रा. ने कोलकाता, चेन्नई, दक्षिणी क्षेत्र में पांच हवाई अड्डों, उत्तरी क्षेत्र में पांच हवाई अड्डों तथा पश्चिमी क्षेत्र में तीन हवाई अड्डों पर ग्राउंड हैंडलिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लाइसेंस प्रदान किए।

## वर्ष के दौरान पूरे किए गए प्रमुख सी एन एस / ए टी एम परियोजनाएँ

- दिल्ली धावनपथ 27, कोलकाता धावनपथ 19 एल, सूरत तथा सिलचर पर उपकरण अवतरण प्रणाली (आई एल एस) के साथ निम्नपावर दूरी मापक यंत्र आरंभ किये गए।
- लेंगपुई व गोंडिया पर उपकरण अवतरण प्रणाली (आई एल एस) के साथ निम्नपावर दूरी मापक यंत्र का प्रतिष्ठापन पूरा कर लिया गया है।
- सम्पूर्ण देश के 58 हवाई अड्डों पर डेडिकेटिड सेटेलाइट संचार नेटवर्क (डी एस सी एन) आरंभ किया गया।
- औरंगाबाद, देहरादून, कोचीन तथा नांदेड पर सह स्थित उच्च पावर दूरी मापक यंत्र के साथ डॉप्लर अति उच्च आवृत्ति ओमनी रेंज (डी वी ओ आर) को आरंभ किया गया।
- जयपुर, कोलकाता व मैसूर पर प्रतिष्ठापन व उड़ान जाँच पूरी कर ली गई है ।
- गया, नागपुर, त्रिची, गोवा, भुवनेश्वर, उदयपुर, विजाग, रांची, पटना व श्रीनगर में उड़ान सूचना प्रदर्शन प्रणाली (एफ आई डी एस) आरंभ की गई ।
- जयपुर, मंगलौर और मैसूर में उड़ान सूचना प्रदर्शन प्रणाली का प्रतिष्ठापन पूरा किया गया ।
- दिल्ली– अमृतसर, दिल्ली– जोधपुर, अहमदाबाद–उदयपुर, मुंबई–गोवा, मुंबई–पोरबंदर, नागपुर–भोपाल, कोलकाता – पोर्टब्लेयर के बीच आकाश से भूमि (आर सी ए जी) तक रिमोट कंट्रोल चालू किया गया ।
- रायपुर, गया, पुणे, भुवनेश्वर, सूरत, मदुरै, इम्फाल, लखनऊ, खजुराहो, दिल्ली, भुवनेश्वर पर हवाई अड्डा टर्मिनल सूचना प्रणाली (ए टी आई एस) आरंभ की गई ।
- मुंबई पर ऑटोमेटिक मैसेज हैंडलिंग प्रणाली (ए एम एच एस) – सिंगापुर के साथ परीक्षण प्रचालन सफलतापूर्वक पूरी की गई।
- इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, दिल्ली पर तीसरे धावनपथ तथा संबंधित टैक्सीपथ की निगरानी के लिए एडवांस सर्फेस मुवमेंट गाइडेंस का ऑगुमेंटेशन व नियंत्रण प्रणाली को आरंभ किया गया।
- मदुरै, कोयम्बटूर व त्रिची पर वाइस कम्युनिकेशन नियंत्रण प्रणाली (वी सी सी एस) चालू की गई ।
- 12 हवाई अड्डों पर ई पी ए बी एक्स का प्रतिष्ठापन पूरा किया गया।
- दिक्चालन सुविधाओं का वैमानिक कैलिब्रेशन :

  वर्ष के दौरान 46 आई एल एस 40 डाप्लर अति उच्च आवृति ओमनी रेंज ( डी वी ओ आर ) / दूरी मापक यंत्र (डी एम ई) तथा 6 सी वी ओ आर / डी एम ई को कैलिब्रेटिड किया गया।

## गगन का क्रियान्वयन

- गगन – अंतिम प्रचालन चरण (एफ ओ पी) परियोजना के ग्राउंड आधारित उपकरणों की आपूर्ति, प्रतिष्ठापन, परीक्षण तथा प्रचालन के लिए इसरो द्वारा दिनांक 29 जून, 2009 को मैसर्स रेथियोन को ठेका दिया गया।
- 7 अतिरिक्त स्थलों (भारतीय संदर्भित स्टेशनों) पर एक अतिरिक्त भारतीय मास्टर नियंत्रक केन्द्र (आई एन एम सी सी) तथा 02 अतिरिक्त भारतीय दिक्चालन लैड अपलिंक स्टेशन – (आई एन एल यू एस) के प्रतिष्ठापन के लिए स्थल उपयुक्तता का कार्य पूर्ण हो गया है।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) द्वारा भारतीय दिक्चालन लैड अपलिंक स्टेशन – रेडियो आवृत्ति सबस्टेशन (आई एन एल यू एस – आर एफ) तथा अंतरिक्ष सेगमेंट (जी ई ओ – सैटेलाइट) उपलब्ध कराएगा।
- गगन प्रमाण पत्र योजना के दस्तावेज तैयार कर दिए गए हैं गगन प्रमाणपत्र पर एफ ए ए के साथ एक गोलमेज बैठक आयोजित की गई। प्रमाण–पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया के लिए एफ ए ए से सहायता ली गई।
- आयनमंडल डेटा संग्रहण के लिए 2 अतिरिक्त टी ई सी (कुल इलैक्ट्रान कान्टेंट) स्टेशन स्थापित किए गए हैं। ( कुल 26 टी ई सी स्टेशन स्थापित किए गए हैं।)

## विमान यातायात प्रबंधन

- 15 मार्च 2010 से दिल्ली व मुंबई में अलग से हेलिकाप्टर कोरिडार आरम्भ किए गए हैं। यह हेलिकाप्टरों का शीघ्र व सुरक्षित प्रचालन सुनिश्चित करेगा।
- ग्राउंड पर विमान प्रचालन की सुरक्षा को बढाने के लिए आई जी आई हवाई अड्डा, दिल्ली, हैदराबाद अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा तथा बेंगलूर अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हवाई अड्डा सरफेस मूवमेंट तथा गाइडेंस नियंत्रण प्रणाली (ए एस एम जी सी एस ) आरंभ की गई है।
- भारत में केन्द्रीय विमान यातायात प्रवाह प्रबंधन (ए टी एफ एम) के लिए गुणवत्ता आवश्यकताओं (क्यू आर एस) तथा प्रणाली विनिर्दिष्टताओं को बनाने के लिए एफ ए ए, यू एस ए के साथ दिनांक 25 सितम्बर, 2009 को करार ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है जिसका इस वर्ष के अंत तक पूर्ण होने की संभावना है। इसकी स्थापना होने से भारत में विमानों को बेहतर विमान यातायात प्रबंधन सेवाएं उपलब्ध कराने में विमान यातायात नियंत्रक योग्य हो जाएंगे।

- विमान क्षेत्र क्षमता को बढाने के लिए आई जी आई हवाई अड्डे, नई दिल्ली पर टर्मिनल एप्रोच क्षेत्र में 3 एन एम का न्यूनतम राडार पृथक्करण आरंभ किया गया।

- आई जी आई हवाई अड्डे पर ग्राउंड टैक्सिंग में समय कम करने व विमान क्षेत्र क्षमता को बढाने के लिए दोनों धावनपथों 10/28 तथा 11/29 पर मिश्रित मोड प्रचालन आरंभ किया गया है।

- ईंधन व समय की बचत के लिए निम्नलिखित सीधे अन्तर्राष्ट्रीय ए टी एस मार्गो को स्थापित/पुनः निर्धारित किया गया है।

  क) एमिरेट्स एयरलाइन्स द्वारा प्रस्तावित उपयोगकर्ता संदर्भित मार्ग के अंतर्गत के आई टी ए एल तथा ई एल के ई एल के मध्य ए टी एस मार्ग एल 516

  ख) त्रिवेन्द्रम तथा हैनिमाधू (मेल) के मध्य ए टी एस मार्ग एल 899 स्थापित किया गया।

  ग) काठमाण्डू तथा दिल्ली के मध्य ए टी एस मार्ग एल 626 आरंभ किया गया।

  घ) 57 एन एम दूरी को कम करने के लिए गूगल के रास्ते पाकिस्तान एफ आई आर में ए टी एस मार्ग एम 875 मार्ग विस्तारित किया गया।

- कम दूरी का तथा सीधे संपर्क उपलब्ध करवाने व ईंधन व समय की बचत हेतु निम्नलिखित सीधे अन्तर्देशीय रूटों को स्थापित/पुनः निर्धारित किया गया।

  डब्ल्यू 56 एस, डब्ल्यू 126, डब्ल्यू 114 तथा डब्ल्यू 115

- चेन्नई हवाई अड्डे पर पी बी एन एस आई डी/स्टार्स से सीधे संपर्क/सुलभ संचरण ए टी एस मार्गो को उपलब्ध कराने के लिए मुंबई तथा चेन्नई एफ आई आर में न्यू विक्टर वी श्रेणी स्थापित करने के अंतर्गत न्यू कनेक्टर ए टी एस मार्ग बनाया गया।

- ए आई एस अनुभाग आई एस ओ 9001–2008 से प्रमाणित कर लिया गया है । ए आई एस आटोमेशन प्रगति पर है व एफ ए टी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके कार्यान्वयन होने पर इन्टरनेट पर वैमानिक डेटा एवं इसके संशोधन शीघ्रता से अपलोड किए जा सकते है व इस प्रकार यह प्रयोगकर्ता के लिए हर समय उपलब्ध रहता है।

- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण वेबसाइट पर ए आई पी संशोधन तथा सप्लिमेंट अपलोड किए जा रहे हैं।

- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण हवाई अड्डों के सुविधा के लिए "भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण हवाई अड्डों पर विमानक्षेत्र लाइसेंसिंग पर मैनुअल" तैयार किया गया व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

- 14 स्थलों पर भूमि प्रक्रियाओं के लिए अवतरण एप्रोच का विकास किया गया तथा लागू किया गया है तथा इसे 13 और स्थलों पर लागू किया जा रहा है।

- 195 ए टी सी ओ को एरिया कंट्रोल पाठ्यक्रम के लिए,136 ए टी सी ओ को रडार पाठ्यक्रम के लिए, 46 कनिष्ठ कार्यपालकों को, 12 ए टी सी को ओ पी ए एन एस – ओ पी एस पाठ्यक्रम के लिए, 10 ए टी सी ओ के लिए खोज व बचाव पाठ्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

- इम्फाल हवाई अड्डे पर रात्रि अवतरण सुविधाएं प्रचालनात्मक कर दी गई है जोकि आवश्यकता पड़ने पर इस हवाई अड्डे पर रात्रि में विमान प्रचालन को सुनिश्चित करेगा।

- ए टी सी क्लियरेंस के ट्रांसमिशन/रिसेप्शन मे दुविधाओं को दूर करने के लिए उड़ान के समान प्रकार के काल साइन के 90 मामलों पर समन्वय बैठको में विचार–विमर्श किया गया।

- नागर विमानन मंत्रालय की संस्तुति पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के तकनीकीविदो व महाप्रबंधक (अनापत्ति प्रमाण पत्र) द्वारा मुख्यालय में वैमानिक अध्ययन किया जा रहा है जोकि पूर्व में इकाओ विशेषज्ञों द्वारा किया गया था।

- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण एवं फ्रेंच डी जी सी ए के बीच तकनीकी सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण तथा एयरवेज इंटरनेशनल लिमिटेड, न्यूजीलैण्ड के बीच सहयोग ज्ञापन को अंतिम रुप दिया गया है।

- वर्ष के दौरान, ए टी एम निदेशालय के कार्टोग्राफी विभाग ने 11 हवाई अड्डों का सर्वे किया व चार्ट तैयार किया है। डब्ल्यू जी एस – 84 के कार्यान्वयन के कदम के रूप मे, जी पी एस की नवीनतम तकनीक का प्रयोग करते हुए अमृतसर, तूतीकोरीन तथा गुवाहाटी





हवाई अड्डों पर विमानक्षेत्र संदर्भ बिन्दु स्थापित किये गए। यह कम्प्यूटरीकृत डेटा बेस बना रहा है तथा चार्ट मे संशोधन करने के लिए तथा सर्वे डाटा में सटीकरण बढाने हेतु रंगीन वैमानिक चार्ट बना रहा है।

## हवाई अड्डों का आई एस ओ प्रमाणन

- क्षेत्रीय मुख्यालय, गुवाहाटी, कालीकट, मंगलूर, त्रिवेन्द्रम हवाई अड्डो के लिए गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यू एम एस) 9001: 2008 प्राप्त कर लिया गया है।

- कालीकट हवाई अड्डे को पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (ई एम एस) आई एस ओ 14001:2004 दिया गया है।

## भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में आई टी को उन्नत किया जाना

- दस परियोजनाओं हेतु ई निविदा की अग्रगामी परियोजना सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है।

- कर्मचारी पेंशन सूचना प्रणाली (ई पी आई एस) को लागू कर दिया गया है भारत के सभी कर्मचारियों का सी पी एफ तथा पेंशन डेटा केन्द्रीय सर्वर में समेकित कर लिया गया है।

- सफदरजंग हवाई अड्डे पर अत्याधुनिक डेटा केन्द्र स्थापित किया गया है। यह डेटा केन्द्र, राजीव गाँधी भवन में पहले ही कार्यरत मुख्य डेटा केन्द्र के लिए बैक अप साइट के रूप में कार्य करेगा।

- हवाई अड्डा सूचना प्रबंधन प्रणाली (ए आई एम एस) एप्लिकेशन 12 अन्य हवाई अड्डों नामतः पोर्टब्लेयर, शिमला, दियू, कानपुर, लुधियाना, गग्गल, सूरत, पाण्डिचेरी, जबलपुर, हुबली, कांडला तथा जूहु (मुंबई) पर भी विस्तारित कर दी गई है।

- 05 हवाई अड्डों नामतः सूरत, गगन (बेंगलुरु), हैदराबाद अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड, जुहू (मुंबई) तथा एम पी एल एस (दिल्ली) पर वाइड एरिया नेटवर्क ( डब्ल्यू ए एन) संपर्क विस्तारित किया गया है वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वी पी एन) पर वैन संपर्क भारत में वर्तमान में 80 स्थानों पर उपलब्ध है। आप्टिकल फाइबर या वीसेट पर मुख्य ध्यान दिया जा रहा है ताकि नेटवर्क को 99% स्तर तक सही रखा जा सके।

## प्रशिक्षण

### नागर विमानन प्रशिक्षण कालेज (सी ए टी सी) – इलाहाबाद

- नागर विमानन प्रशिक्षण कालेज (सी ए टी सी) इलाहाबाद, विमान यातायात प्रबंधन (ए टी एम) व संचार, दिक्चालन व निगरानी (सं. दि.नि.) के क्षेत्र में प्रशिक्षण के लिए समर्पित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का प्रशिक्षण संस्थान है। सी ए टी सी वैश्विक प्रशिक्षण के लिए कोर्सवेयर के विकास के लिए ट्रेनएयर यूनिट भी है।

- वर्ष के दौरान सी ए टी सी में 79 पाठ्यक्रमो को आयोजित किया गया जिसे 636 प्रशिक्षुओं ने उत्तीर्ण किया।

### राष्ट्रीय विमानन प्रबंधन एवं अनुसंधान संस्थान (निआमार)

- राष्ट्रीय विमानन प्रबंधन एवं अनुसंधान संस्थान (निआमार) हवाई अड्डा प्रबंधन के तकनीकी व गैर–तकनीकी क्षेत्रों नामतः हवाई अड्डा प्रचालन, हवाई अड्डा इंजीनियरिंग (सिविल,विद्युत,इलैक्ट्रानिक्स), सूचना प्रौद्योगिकी,परियोजना प्रबंधन, हवाई अड्डा वित्त , हवाई अड्डा प्रबंधन के वाणिज्यिक पहलू, मानव संसाधन प्रबंधन, कार्यालय प्रबंधन, अन्तरराष्ट्रीय विमानन विधि, कार्गो प्रबंधन, विमानन संरक्षा व सुरक्षा पर प्रबंधन विकास कार्यकम आयोजित करता है।

- वर्ष के दौरान 126 प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को आयोजित किया गया इन पाठ्यक्रमों को 327 कार्मिकों ने उत्तीर्ण किया।

- सरकार के निर्णयों का अनुशरण करते हुए,सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1960 के अंतर्गत निआमार को सोसायटी (स्वायत्त बाडी) के रुप मे परिवर्तित कर पंजीकृत किया गया। यह भाविप्रा, डीजीसीए तथा बी सी ए एस तीनों संगठनो के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के सहयोग से हुआ है।

- निआमार ने आई ए टी ए के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किया है जिसके अंतर्गत आई ए टी ए वर्ष 2009–10 के दौरान निआमार में प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित करेगा। निआमार द्वारा प्रशिक्षण सुविधाओं को उपलब्ध कराने के बदले आई ए टी ए प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यकम मे भा0 वि0 प्रा0 को तीन सीटें देगा।

## कर्मचारी संख्या

दिनांक 31 मार्च, 2010 को भा0 वि0 प्रा0 मे 18514 कर्मचारी थे।

## औद्योगिक संबंध

वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध मधुर रहे ।

## हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, भारत सरकार की राजभाषा नीति के अंतर्गत अधिनियमों व नियमों का पालन सुनिश्चित करता है । वर्ष के दौरान, हिन्दी प्रगति की समीक्षा व कर्मचारियों को हिन्दी में कार्यनिष्पादन करने के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए निगमित मुख्यालय, क्षेत्रीय मुख्यालयों व फील्ड स्टेशनों पर हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया । निगमित मुख्यालय और अन्य समस्त स्टेशनों पर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें आयोजित की गईं। इसके अलावा हिन्दी पखवाड़े का आयोजन भी किया गया ।
- संसदीय राजभाषा समिति की द्वितीय उप समिति द्वारा अहमदाबाद व चेन्नई कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण किया गया ।
- वर्तमान में, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा हिंदी में कई गृह पत्रिकाओं का प्रकाशन किया जा रहा है, जिनमें चेतना, दृष्टि, विमान भारती, नीलांचल इत्यादि मुख्य हैं तथा अर्पण पत्रिका का प्रकाशन निगमित मुख्यालय द्वारा किया जा रहा है ।
- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में हिन्दी के प्रयोग को बढाने के लिए नागर विमानन मंत्रालय द्वारा क्षेत्रीय कार्यालयों व अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया गया।

## भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में खेलकूद गतिविधियां

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने अपनी खेल नीति के अनुरूप अपनी विभिन्न खेल योजनाओं जैसे कि खेल कूद प्रतिभा खोज एवं प्रशिक्षण योजना, खेल–कूद संविदा (कंट्रैक्ट) योजना तथा खेल कूद छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट युवा खिलाड़ियों को शामिल किया है।

- भा0 वि0 प्रा0 ने गंगटोक, सिक्किम में आयोजित 39वीं अंतर संस्थानिक टेबल टेनिस टूर्नामेंट में भाग लिया।
- भा0 वि0 प्रा0 ने कोलकाता में अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया ।
- भारतीय बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयुध निर्माणी खेलकूद संवर्द्धन बोर्ड द्वारा कोलकाता में आयोजित अंतर संस्थानिक बैडमिंटन टूर्नामेंट में भा0 वि0 प्रा0 ने भाग लिया ।
- भा0 वि0 प्रा0 खेलकूद प्रतिभा खोज एवं प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत शामिल साइकोंड जयलक्ष्मी ने मिश्रित प्रतिस्पर्धा में सब जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता जीती ।
- भा0 वि0 प्रा0 की पुरुष व महिला बैडमिंटन टीम, गोवा में आयोजित सार्वजनिक क्षेत्र बैडमिंटन टूर्नामेंट के टीम चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुँची।

## निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर)

सी. एस. आर. के संबंध में सरकार की नीति के अनुसार भा0 वि0 प्रा0 ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया :–

- रंगपुरी में पेपर रिसाइकिलिंग तथा लेखन सामग्री इकाई :

  भा0 वि0 प्रा0 का महिला कल्याण संगठन, कल्याणमयी जो कि भा0 वि0 प्रा0 के निगमित सामाजिक दायित्वों से संबंधित गतिविधियों हेतु उत्तरदायी है, के माध्यम से मई 2009 में भा0 वि0 प्रा0 ने रिसाइकिल्ड पेपर के लिए एक परियोजना की शुरुआत की है ।
- वृक्षारोपण एवं अनुरक्षण :

  पूरे देश में भा0 वि0 प्रा0 के सभी हवाई अड्डों पर मानसून के मौसम में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई और 10,000 वृक्ष सफलतापूर्वक लगाए गए ।
- एकीकृत सामुदायिक विकास कार्यक्रम :

  भा0 वि0 प्रा0 ने पेक्योंग, सिक्किम में एक एकीकृत सामुदायिक विकास कार्यक्रम की भी शुरुआत की है । पेक्योंग, जहाँ पर एक नए हवाई अड्डे के निर्माण हेतु कार्य चल रहा है, के लोगों की स्थानीय सामुदायिक आवश्यकताओं के अनुसार वहाँ पेक्योंग सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना की शुरुआत की गई ।
- भा0 वि0 प्रा0 के निर्माण स्थलों पर बालबाड़ी (क्रेच) की व्यवस्था :

  30 निर्माण स्थलों पर बालबाड़ी की स्थापना की गई ताकि निर्माण कार्य से जुड़े मजदूरों के बच्चों तथा अनियमित महिला मजदूरों के लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध हो सके। निगमित सामाजिक दायित्व परियोजना के अंतर्गत बालबाड़ियों में स्वास्थ्य जांच, दोपहर का भोजन, शैक्षणिक सामग्री जैसी बहु उपयोगी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं ।
- अन्य :

  भा0 वि0 प्रा0 ने औपचारिक शिक्षा के लिए अपने संसाधनों का निवेश मुख्यतया किया है। भा0 वि0 प्रा0 वर्तमान में पूरे देश में 21 से भी ज्यादा विद्यालयों में नर्सरी से लेकर माध्यमिक स्तर तक के 10,200 से भी अधिक विद्यार्थियों को औपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में सहायता प्रदान कर रहा है।

## सतर्कता संबंधी गतिविधियाँ

संगठन में दक्षता एवं पारदर्शिता लाने में सतर्कता विभाग प्रबंधन के प्रति एक सकारात्मक सक्रिय भूमिका निभाता रहा । वर्ष के दौरान सतर्कता विभाग द्वारा सम्पन्न मुख्य गतिविधियों में से कुछ निम्नलिखित हैं :

- सत्यनिष्ठा समझौते के संदर्भ में स्वतंत्र बाह्य निगरानीकर्ताओं (मानीटर्स) के साथ आवधिक समीक्षा बैठकें आयोजित की गई ।
- सत्यनिष्ठा समझौते के कार्यान्वयन के मुद्दों पर चर्चा करने तथा प्रतिक्रिया (फीडबैक) लेने के लिए प्रथम विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- प्राधिकरण में सभी स्तरों पर सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन किया गया ।
- केंद्रीय सतर्कता आयुक्त द्वारा एक सत्यनिष्ठा क्लब का प्रारम्भ किया गया । इसे भा0 वि0 प्रा0 में सतर्कता विभाग द्वारा की गई अग्रगामी पहल के अंग के रुप में प्रारम्भ किया गया है।
- ''भा0 वि0 प्रा0 में संरचनात्मक परियोजनाओं के प्रभावी प्रबंधन'' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला का उद्देश्य वरिष्ठ प्रबंधक से लेकर महाप्रबंधक स्तर तक के अधिकारियों में परियोजना प्रबंधन के नाजुक मुद्दों पर जागरुकता पैदा करना था।
- भा0 वि0 प्रा0 के विभिन्न हवाई अड्डों पर सतर्कता विभाग द्वारा सी. टी. ई. प्रकार का निरीक्षण नियमित रूप से किया गया।
- ''अच्छे शासन के लिए सूचना–प्रौद्योगिकी को उन्नत करना'' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## विमानन संरक्षा

- निगमित संरक्षा प्रबंधन प्रणाली (सी–एस एम एस ) द्वितीय संस्करण तैयार किया गया तथा इसे नागर विमानन महानिदेशक के पत्र सं0 ए वी–20011/15/06–ए एल दिनांक 7–8–09 के माध्यम से स्वीकार किया गया।
- भा0 वि0 प्रा0 संरक्षा समीक्षा बोर्ड ने दिनांक 19–5–09 को आयोजित अपनी 130वीं बैठक में निगमित संरक्षा प्रबंधन प्रणाली कार्यान्वयन योजना (सी– एस आई पी) को अनुमोदन प्रदान किया।
- विमानन संरक्षा निदेशालय नियमावली का द्वितीय संस्करण तैयार किया गया।
- सम्पूर्ण भारत में दिनांक 23–11–2009 से 27–11–2009 तक विमानन संरक्षा सप्ताह मनाया गया ।
- 28 स्टेशनों की संरक्षा संबंधी लेखा–परीक्षा की गई।

## कार्गो गतिविधियां

भा0 वि0 प्रा0 द्वारा संचालित हवाई अड्डों पर हैंडल किए गए कार्गो में वर्ष 2008–09 की तुलना में वर्ष 2009–10 में 11.55% की वृद्धि हुई ।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा कोलकाता को मुंबई में आयोजित एयर कार्गो इंडिया–2010 अन्तरराष्ट्रीय नेटवर्किंग सम्मेलन व प्रदर्शनी के दौरान "इमरजिंग कार्गो एयरपोर्ट ऑफ द इयर" की श्रेणी में हवाई कार्गो के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए अन्तरराष्ट्रीय अवार्ड प्रदान किया गया।

### प्रणाली में सुधार

**कोलकाता हवाई अड्डा**

- आयात संबंधी कार्गो के प्रोसेसिंग समय को कम करने के लिए आई सी एम एस के माध्यम से लोकेशन स्लिप एवं टर्मिनल प्रभार रसीद को मिलाकर एक संयुक्त दस्तावेज बनाया गया है।
- आई. जी. एम., बिल ऑफ एन्ट्री, सीमा शुल्क की ओर से सीमा शुल्क 'आउट ऑफ चार्ज' के संबंध में ई. डी. आई. संदेशों की आनलाइन प्राप्ति को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया गया।

• नागर विमानन मंत्रालय के निदेशों के अनुसार आयात पक्ष पर पुनः पृथक्करण प्रभार लागू किया गया ।

**चेन्नई हवाई अड्डा**

• सीमा शुल्क प्राधिकारियों व व्यापार सहयोगियों के साथ मिलकर अक्तूबर, 2009 से चेन्नई हवाई अड्डे पर वैब आधारित आयात कार्गो प्रचालन कार्यान्वित किया गया है ।

**अन्य हवाई अड्डे**

• भा0 वि0 प्रा0 ने अमृतसर हवाई अड्डे पर कार्गो गतिविधियाँ विभागीय रूप से आरम्भ कर दी है।

• नागर विमानन मंत्रालय के निदेशानुसार अंडमान व निकोबार प्रशासन से पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे पर एयर कार्गो परिसर लिया गया।

## भावी दृष्टिकोण

पिछले कुछ महीनों में हवाई यातायात में वृद्धि के कारण उद्योग के राजस्व में उछाल आया है तथा यह आशा की जाती है कि वर्ष के दौरान समूचे उद्योग व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की वित्तीय हालत में सुधार होगा । संयुक्त उद्यम कम्पनियों से राजस्व में वृद्धि इन दो मुख्य प्रवेश द्वार हवाई अड्डों में अधिक उड़ानें आने से हुई है। चालू वर्ष के दौरान कार्गो क्षेत्र ने भी प्रगति की है । टू टीयर शहरों में नए टर्मिनल भवन चालू किए जाने के उपरांत यह आशा है कि वर्ष के दौरान गैर यातायात राजस्व में भी वृद्धि होगी।

## बोर्ड के सदस्य

वर्ष के दौरान बोर्ड के गठन में निम्नलिखित परिवर्तन हुए :

नागर विमानन मंत्रालय ने दिनांक 18 फरवरी, 2010 के अपने पत्र सं0 ए वी –24011/3/2008–ए ए आई के अनुसार श्री एस. रहेजा, कार्यपालक निदेशक (इंजीनियरिंग) को पदभार ग्रहण करने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए अथवा उनकी अधिवर्षिता की तारीख तक अथवा अन्य आदेश होने तक इनमें से जो भी पहले हो, सदस्य (योजना) के रुप में नियुक्त किया है । श्री रहेजा ने 18 फरवरी, 2010 को सदस्य (योजना) के रुप में पदभार ग्रहण किया ।

31 मार्च, 2010 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बोर्ड में निम्नलिखित शामिल थे :–

1. श्री वी पी अग्रवाल – अध्यक्ष
2. डॉ0 एस.एन.ए. जैदी – महानिदेशक नागर विमानन व पदेन सदस्य
3. श्री ई.के. भारत भूषण – अंशकालिक सदस्य
4. श्री आलोक सिन्हा – अंशकालिक सदस्य
5. श्री पी. सेठ – सदस्य (प्रचालन)
6. श्री एस.सी. छतवाल – सदस्य (वित्त)
7. श्री के.के.झा – सदस्य (कार्मिक एवं प्रशासन)
8. श्री सुधीर रहेजा – सदस्य (योजना)
9. श्री दीपक पारेख – अंशकालिक गैर सरकारी सदस्य
10. श्री सज्जन जिन्दल – अंशकालिक गैर सरकारी सदस्य
11. श्री अरुण लक्ष्मण बोंगिरवार – अंशकालिक गैर सरकारी सदस्य

## आभार प्रदर्शन

प्राधिकरण, कर्मचारियों द्वारा सभी स्तरों पर किए गए सद्भावना पूर्ण प्रयासों तथा योगदान की सराहना करता है ।

प्राधिकरण, नागर विमानन मंत्रालय, डी0 जी0 सी0 ए0, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक तथा अन्य सरकारी विभागों, एयरलाइन्स एवं अन्य एजेन्सियों द्वारा दिए गए समर्थन तथा सहायता के लिए भी आभार प्रकट करता है । प्राधिकरण, सभी क्षेत्रों के अपने क्रियाकलापों में बैंकॉक स्थित इकाओ के क्षेत्रीय कार्यालय तथा मांट्रियल स्थित इकाओ के मुख्यालय द्वारा दिए गए समर्थन व सहयोग की सराहना करता है ।

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की ओर से,**

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 27.08.2010

(वी.पी. अग्रवाल)
अध्यक्ष



भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

# अनु. जाति/अनु. जनजाति एवं विकलांग कार्मिकों का प्रतिनिधित्व

## अनु. जाति/अनु.जन जाति कार्मिकों का प्रतिनिधित्व

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण के संबंध में राष्ट्रपति के दिशा–निर्देशों का नियमित कार्यान्वयन व मानीटरिंग की जाती है। दिनांक 31.03.2010 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में अ.जा./अ.ज.जा. कार्मिकों की संख्या निम्नलिखित थी :–

| जनशक्ति | अनुसूचित जाति कार्मिकों की संख्या | अनुसूचित जाति कार्मिकों का प्रतिशत | अनुसूचित जनजाति कार्मिकों की संख्या | अनुसूचित जनजाति कार्मिकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 18514 | 4293 | 23.19% | 1199 | 6.48% |

अनुसूचित जाति का निर्धारित प्रतिशत 25%, अनुसूचित जनजाति का 7% तथा विकलांग कार्मिक का 3% है।

वर्ष 2009–10 के दौरान भा.वि.प्रा. के 221 कार्यपालकों को विशेष प्रशिक्षण हेतु विदेश भेजा गया जिसमें 25 अनुसूचित जाति व 6 अनुसूचित जनजाति के कर्मचारी थे।

### अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए छूट व रियायत

भर्तियों के संबंध मे आयु, फीस, अर्हता मानदण्डों तथा यात्रा भत्ता पर रियायत व छूट प्रदान की जाती है। भर्ती व पदोन्नति मार्गनिर्देशन के अनुसार पदोन्नति में दिशा–निर्देशों का पालन किया जाता है। सरकारी दिशा–निर्देशों के अनुसार प्रतियोगी परीक्षाओं में छूट व रियायत देने के अतिरिक्त अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के प्रतिनिधियों को सभी विभागीय पदोन्नति समितियों मे शामिल किया जाता है।

## विकलांग व्यक्तियों के लिए योजनाएं / नीतियां

भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण मे विकलांग व्यक्तियों को सुविधाएं मुहैया कराई जाती है। दिनांक 31.03.2010 को प्राधिकरण में विकलांग व्यक्तियों की संख्या निम्नलिखित थी :–

| कर्मचारियों की कुल संख्या | दृष्टि विकलांग | श्रव्य विकलांग | शारीरिक रूप से विकलांग | विकलांग कार्मिकों की संख्या | विकलांग कार्मिकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 18514 | 27 | 18 | 151 | 196 | 1.06% |

विकलांग व्यक्तियों को निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान की गई है:

I. सरकारी दिशा–निर्देशों के अनुसार 3% पद विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित है।

II. सरकारी दिशा–निर्देशों के अनुसार, विकलांग व्यक्तियों को शुल्क भुगतान में छूट तथा आयु में रियायत दी गई है।

III. विकलांग कर्मचारियों को निर्धारित सामान्य दरों से दुगना वाहन भत्ता दिया जाता है।

### भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा विकलांग व्यक्तियों को उपलब्ध कराई गई सुविधाएं :

• विकलांग व्यक्ति एक तल से दूसरे तल तक जा सकें, इसके लिए लिफ्ट की व्यवस्था। लिफ्टों के दरवाजों के आकार इतने बड़े रखे गए हैं कि उनमें पहिए वाली कुर्सी (व्हील चेयर) आसानी से आ–जा सकती है ।

• प्रत्येक सुविधा क्षेत्र में विकलांग व्यक्तियों के लिए शौचालयों की व्यवस्था ।

• विकलांग व्यक्तियों को दूर खड़े विमान तक ले जाने और वहाँ से ले आने के लिए उनकी पहिए वाली कुर्सी (व्हील चेयर) को कमिशरी ट्रक में चढ़ाने हेतु एयरसाइड में एक अलग रैम्प तथा एक लोडिंग डॉक उपलब्ध कराया गया है ।

• जिन हवाई अड्डा प्रयोक्ताओं को चिकित्सा सहायता की आवश्यकता पड़ती है, उनके लिए आपातकालिक सेवा के तौर पर चिकित्सा जांच कक्ष (एम आई रुम) में पहिए वाली कुर्सी (व्हील चेयर) की निःशुल्क व्यवस्था ।

• विकलांग व्यक्तियों के लिए टर्मिनल भवन तथा कर्ब क्षेत्र में रैम्प की व्यवस्था ।

• विशेष सुविधा के तौर पर विकलांग व्यक्तियों को कर्मचारी की तैनाती सहित पी. सी. ओ. बूथों का आबंटन ।

• अपना वाहन चलाने वाले विकलांग व्यक्तियों के लिए कार पार्किंग क्षेत्र में विशेष तौर पर निर्धारित किए गए पार्किंग स्थल ।

• सुरक्षा जांच संबंधी क्षेत्रों को इस प्रकार तैयार किया गया है कि जांच क्षेत्रों से पहिए वाली कुर्सियां (व्हील चेयर) आसानी से आ–जा सकें ।



महामहिम भारत की राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल ने महाराष्ट्र में जलगाँव हवाई अड्डे के विकास कार्य का शिलान्यास किया।



माननीय नागर विमानन मंत्री श्री प्रफुल पटेल को अध्यक्ष, भा.वि.प्रा. वर्ष 2008–09 के लिए लाभांश चैक भेंट करते हुए।



श्री वी.पी. अग्रवाल, अध्यक्ष, भा.वि.प्रा. आर्की–डिजाइन द्वारा वास्तुशिल्पीय व पर्यावरणीय जागरूकता अवार्ड प्राप्त करते हुए।







अहमदाबाद में निरीक्षण बैठक के दौरान संसदीय राजभाषा समिति की द्वितीय उप–समिति के माननीय सदस्य।



श्री एम. माधवन नंबियार, सचिव, नागर विमानन मंत्रालय, नई दिल्ली में आयोजित ईयू–इंडिया विमान यातायात प्रबंधन संगोष्ठी को संबोधित करते हुए।



अध्यक्ष भा.वि.प्रा., कल्याणमयी के द्वारा संचालित पेपर रिसाइक्लिंग यूनिट का उद्घाटन करते हुए।



विशाखापट्टनम हवाई अड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन का आंतरिक दृश्य



मदुरै हवाई अड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन का आंतरिक दृश्य







डिब्रूगढ हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का आंतरिक दृश्य



अहमदाबाद हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का आंतरिक दृश्य

## वित्तीय स्थिति




## हमारी देनदारियां

₹ करोड़ में

| विवरण | 31 मार्च 2010 को | 31 मार्च 2009 को |
|---|---|---|
| पूंजी | **623.34** | 573.76 |
| आरक्षित एवं अधिशेष | **6,669.24** | 5,789.84 |
| ऋण | **671.94** | 230.05 |
| चालू देयताएं एवं प्रावधान | **8,319.26** | 7,076.77 |
| **योग** | **16,283.78** | 13,670.42 |





## वित्तीय स्थिति




## हमारे स्वामित्व में

₹ करोड़ में

| विवरण | 31 मार्च 2010 को | 31 मार्च 2009 को |
|---|---|---|
| स्थिर आस्तियां (शुद्ध) | **4,315.97** | 3,544.14 |
| प्रगतिमान कार्य | **3,185.94** | 1,996.43 |
| निवेश | **921.52** | 854.09 |
| आस्थगित कर आस्तियां (शुद्ध) | **572.08** | 512.58 |
| चालू आस्तियाँ | **7,288.27** | 6,763.18 |
| **योग** | **16,283.78** | 13,670.42 |

# कार्य निष्पादन पर एक दृष्टि

| विवरण | इकाई | 2009–10 | 2008–09 | 2007–08 | 2006–07 | 2005–06 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **धन के स्त्रोत** | | | | | | |
| प्रदत्त पूंजी | ₹ करोड़ में | **623.34** | 573.76 | 501.13 | 463.63 | 449.63 |
| अनुदान | " | **158.27** | 138.93 | 13.28 | – | – |
| भारत सरकार से प्राप्त ऋण | " | **49.57** | 27.62 | 17.50 | 15.00 | 18.00 |
| अन्य ऋण | " | **622.37** | 202.43 | 43.35 | 50.28 | 64.33 |
| आरक्षित और अधिशेष | " | **6,510.97** | 5,650.91 | 5,286.58 | 4,381.76 | 3,720.23 |
| योग | | **7,964.52** | 6,593.64 | 5,861.84 | 4,910.67 | 4,252.19 |
| **धन का उपयोग** | | | | | | |
| स्थिर आस्तियां (मूल्यह्रास घटाकर) | " | **4,315.97** | 3,544.14 | 2,774.25 | 2,160.51 | 1,974.89 |
| प्रगतिमान कार्य | " | **3,185.94** | 1,996.43 | 1,380.12 | 838.55 | 788.93 |
| निवेश | " | **921.52** | 854.09 | 469.91 | 157.48 | 22.12 |
| कार्यशील पूंजी | " | **(1,030.99)** | (313.60) | 832.04 | 1,467.18 | 1,285.81 |
| आस्थगित कर आस्तियां (शुद्ध) | " | **572.08** | 512.58 | 405.52 | 286.95 | 180.44 |
| योग | | **7,964.52** | 6,593.64 | 5,861.84 | 4,910.67 | 4,252.19 |
| **आय और लाभ** | | | | | | |
| राजस्व | " | **4,615.29** | 4,185.95 | 4,289.21 | 3,726.23 | 3,490.46 |
| व्यय | " | **3,386.85** | 3,070.23 | 2,549.84 | 2,196.90 | 2,236.03 |
| कर पूर्व लाभ | " | **1,228.44** | 1,115.72 | 1,739.37 | 1,529.33 | 1,254.43 |
| कर हेतु प्रावधान | " | **575.65** | 535.57 | 776.07 | 775.99 | 595.82 |
| आस्थगित कर देयता (आस्तियां) हेतु प्रावधान | " | **(59.50)** | (107.06) | (118.57) | (106.51) | (59.01) |
| कर पश्चात् लाभ | " | **712.29** | 687.21 | 1,081.87 | 859.85 | 717.62 |
| **विनियोजन** | | | | | | |
| सामान्य कोष | " | **641.62** | 517.15 | 497.23 | 351.24 | 331.97 |
| विशिष्ट आरक्षित | " | **218.44** | 210.58 | 331.49 | 309.16 | 221.31 |
| लाभांश (अंतरिम लाभांश सहित) | " | **142.50** | 137.40 | 216.38 | 172.00 | 143.52 |
| लाभांश पर कर | " | **23.67** | 23.35 | 36.77 | 27.45 | 20.82 |
| योग | | **1,026.23** | 888.48 | 1,081.87 | 859.85 | 717.62 |
| **शुद्ध निवेश** (शेयर पूंजी+सामान्य कोष+विशेष आरक्षित–आस्थगित राजस्व व्यय) | " | **7,134.31** | 6,209.56 | 5,409.21 | 4,542.99 | 3,868.59 |
| **नियोजित पूंजी** (शुद्ध स्थिर आस्तियां+कार्यशील पूंजी) | " | **3,284.98** | 3,230.54 | 3,606.29 | 3,627.69 | 3,260.70 |
| **चालू आस्तियां** | " | **7,288.27** | 6,763.17 | 7,053.16 | 6,341.57 | 5,286.68 |
| **चालू दायित्व एवं प्रावधान** | " | **8,319.26** | 7,076.77 | 6,221.12 | 4,874.39 | 4,000.87 |
| **कार्यशील पूंजी** | " | **(1,030.99)** | (313.60) | 832.04 | 1,467.18 | 1,285.81 |





# कार्य निष्पादन पर एक दृष्टि

| विवरण | इकाई | 2009–10 | 2008–09 | 2007–08 | 2006–07 | 2005–06 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **अन्य स्थितियां** | | | | | | |
| स्थिर आस्तियों में वृद्धि | ₹ करोड़ में | **1,479.17** | 1,291.45 | 1,134.80 | 636.61 | 510.81 |
| प्रावधान को छोड़कर विविध देनदार | " | **815.35** | 827.01 | 634.47 | 517.37 | 495.32 |
| तैनात कर्मचारियों की सं. | संख्या | **18,514** | 19,573 | 19,108 | 19,545 | 19,737 |
| विमान संचलन | संख्या '000 में | **1,331** | 1,306 | 1,308 | 1,075 | 838 |
| यात्री आवागमन (**) | " | **51,132** | 44,262 | 67,036 | 57,003 | 73,340 |
| संभाला गया कार्गो (**) | '000 टन में | **590** | 499 | 748 | 756 | 1,404 |
| **अनुपात** | | | | | | |
| शुद्ध निवेशित पूंजी के कर के बाद लाभ | प्रतिशत | **10** | 11 | 20 | 19 | 19 |
| विनियोजित पूंजी से कर के पूर्व लाभ | " | **37** | 35 | 48 | 42 | 38 |
| विनियोजित पूंजी से कर के बाद लाभ | " | **22** | 21 | 30 | 24 | 22 |
| विनियोजित पूंजी पर टर्नओवर | " | **140** | 130 | 119 | 102 | 107 |
| चालू अनुपात | अनुपात | **0.88:1** | 0.95:1 | 1.13:1 | 1.31:1 | 1.32:1 |
| कुल राजस्व पर कर पूर्व लाभ | प्रतिशत में | **27** | 27 | 41 | 41 | 36 |
| कुल राजस्व पर कर पश्चात् लाभ | " | **15** | 16 | 25 | 23 | 21 |
| औसत ऋण संग्रह अवधि | दिनों में | **160** | 183 | 167 | 164 | 131 |
| प्रति कर्मचारी विमान संचालनों की संख्या | संख्या | **72** | 67 | 68 | 55 | 42 |
| प्रति कर्मचारी राजस्व | ₹ '000 में | **2493** | 2139 | 2,245 | 1,906 | 1,768 |
| प्रति कर्मचारी राजस्व व्यय | " | **1829** | 1569 | 1,334 | 1,124 | 1,133 |
| **वार्षिक योजना** | | | | | | |
| योजना परिव्यय | ₹ करोड़ में | **2,822.50** | 3,377.10 | 1,961.41 | 1,506.44 | 892.30 |
| वास्तविक पूंजी व्यय | " | **2,742.54** | 2,547.52 | 1,980.23 | 1,040.11 | 876.08 |
| **इस प्रकार वित्त पोषित है :** | | | | | | |
| उपयोग में लाए गए आंतरिक संसाधन | " | **1,985.64** | 2,179.27 | 1,803.31 | 990.49 | 787.82 |
| पूर्वोत्तर परिषद् अनुदान | " | **70.00** | 60.00 | 57.05 | 7.00 | 5.00 |
| सरकार से प्राप्त हुई बजटीय सहायता | " | **99.15** | 100.25 | 55.00 | 29.00 | 36.00 |
| एमओडी/एपी सरकार से प्राप्त निधि | " | **–** | – | 14.87 | 12.62 | 46.45 |
| डी.जी.सी.ए. द्वारा वित्त पोषित निधि | " | **9.95** | 58.00 | 50.00 | – | – |
| उधार | " | **550.00** | 150.00 | – | – | – |
| अन्य | | **27.80** | – | – | 1.00 | 0.81 |
| योग | | **2,742.54** | 2,547.52 | 1,980.23 | 1,040.11 | 876.08 |

(**) जेवीसी एवं प्राइवेट हवाई अड्डों को छोड़कर

# 31 मार्च 2010 को तुलन पत्र

(₹ लाख में)

| देयताएं | अनुलग्नक | चालू वर्ष 2009–10 | पिछला वर्ष 2008–09 |
|---|---|---|---|
| पूंजीगत लेखा | ए | **62,333.65** | 57,375.65 |
| **आरक्षित एवं अधिशेष** | | | |
| (i) आरक्षित पूंजी | | **1,510.36** | 1,510.36 |
| (ii) सामान्य आरक्षित | | **4,67,784.55** | 4,03,622.77 |
| (iii) अन्य आरक्षित | | | |
| स्थायी आस्तियां प्रतिस्थापन आरक्षित | | **1,05,920.99** | 94,998.62 |
| आरक्षित अप्रचलन | | **37,940.67** | 32,479.48 |
| आरक्षित आकस्मिकता | | **37,940.67** | 32,479.48 |
| **पूंजीगत अनुदान** | बी | **15,826.84** | 13,892.81 |
| **ऋण** | सी | | |
| (i) सुरक्षित | | **30,000.00** | – |
| (ii) असुरक्षित | | **37,194.41** | 23,004.90 |
| **चालू देयताएं एवं प्रावधान** | | | |
| (i) देयताएं | डी | **2,61,628.07** | 2,21,797.07 |
| (ii) प्रावधान | ई | **5,70,297.60** | 4,85,880.53 |
| **योग** | | **16,28,377.81** | 13,67,041.68 |

| | |
|---|---|
| **आकस्मिक देयताएं** | एस |
| **लेखों पर टिप्पणियाँ** | टी |
| **लेखा नीतियां** | यू |
| **सेगमेंट इंफॉरमेशन** | वी |

**अनुलग्नक ए से वी तक संलग्न अनुलग्नक बैलेंसशीट पर लाभ–हानि लेखे का अभिन्न हिस्सा हैं**

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 26.07.2010

**(एम0 सी0 किशोर)**
कार्यपालक निदेशक (निगमित कार्य) एवं कम्पनी सचिव

**(शंकर चौधरी)**
कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा)



भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

31 मार्च 2010 को तुलन पत्र

(₹ लाख में)

| आस्तियां | अनुलग्नक | चालू वर्ष 2009–10 | पिछला वर्ष 2008–09 |
|---|---|---|---|
| **स्थिर आस्तियां** | | | |
| (i) सकल ब्लॉक | | **10,31,821.24** | 8,83,903.82 |
| घटाइए : मूल्य ह्रास | | **6,00,224.29** | 5,29,490.30 |
| शुद्ध ब्लॉक | एफ | **4,31,596.95** | 3,54,413.52 |
| (ii) प्रगतिशील पूंजीगत कार्य | | **3,18,594.15** | 1,99,642.88 |
| **निवेश** | जी | **92,152.40** | 85,409.47 |
| **आस्थगित कर आस्तियां (शुद्ध)** | | **57,207.89** | 51,258.15 |
| **चालू आस्तियां** | | | |
| (i) भंडार एवं कलपुर्जे | | **6,542.19** | 6,480.90 |
| (ii) विविध देनदार | एच | **81,535.28** | 82,700.86 |
| (iii) रोकड़ तथा बैंक शेष | आई | **36,206.51** | 38,944.36 |
| (iv) निक्षेप, ऋण एवं अग्रिम | जे | **5,83,163.14** | 5,25,867.28 |
| (v) निवेशों/निक्षेपों पर प्रोद्भूत ब्याज | | **29.64** | 3,123.72 |
| (vi) पूर्वदत्त व्यय | | **542.58** | 553.72 |
| (vii) प्रोद्भूत आय परन्तु देय नहीं | | **20,807.08** | 18,646.82 |
| **योग** | | **16,28,377.81** | 13,67,041.68 |

**(सतीश सी0 छतवाल)**
सदस्य (वित्त)

**(वी0 पी0 अग्रवाल)**
अध्यक्ष

# 31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष का लाभ हानि लेखा

( ₹ लाख में)

| व्यय | अनुलग्नक | चालू वर्ष 2009–10 | पिछला वर्ष 2008–09 |
|---|---|---|---|
| वेतन तथा भत्ते | के | **1,34,420.56** | 1,06,016.69 |
| अन्य स्टाफ लागत | एल | **26,862.08** | 36,541.83 |
| प्रचालन व्यय | एम | **78,598.90** | 75,657.48 |
| अन्य प्रशासनिक एवं फुटकर व्यय | एन | **22,085.64** | 18,020.32 |
| मूल्यह्रास | | **73,774.66** | 62,579.56 |
| वित्तीय प्रभार | ओ | **792.52** | 261.80 |
| प्रावधान | | | |
| संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | | **1,689.06** | 6,093.73 |
| आयकर के लिए प्रावधान | | | |
| a) चालू कर | | | |
| (i) निगमित आय कर | | **57,500.00** | 52,300.00 |
| (ii) अनुषंगी लाभ कर | | – | 1,200.00 |
| (iii) अन्य | | **65.00** | 57.00 |
| b) आस्थगित कर | | **(5,949.73)** | (10,706.00) |
| असाधारण व्यय/आय | पी | – | – |
| पिछली अवधि के समायोजन (शुद्ध) | क्यू | **462.05** | 1,851.52 |
| लाभ–हानि विनियोजन लेखा में ले जाया गया शुद्ध लाभ | | **71,228.60** | 6,8720.51 |
| | योग | **4,61,529.34** | 4,18,594.45 |

वित्त वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रा द्वारा पूंजीगत समान, कलपूर्जे, विदेश यात्रा, परामर्शी सेवाओं, विदेशी ऋणों एवं ब्याज चुकाने तथा अन्य पर व्यय 244.39 करोड़ रुपये था।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 26.07.2010

(एम0 सी0 किशोर)
कार्यपालक निदेशक (निगमित कार्य) एवं कम्पनी सचिव

(शंकर चौधरी)
कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा)





# 31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष का लाभ हानि लेखा

( ₹ लाख में)

| आय | अनुलग्नक | चालू वर्ष 2009–10 | पिछला वर्ष 2008–09 |
|---|---|---|---|
| यातायात राजस्व | | | |
| मार्ग दिक्चालन सुविधाएं प्रभार | | **1,51,025.37** | 1,33,995.26 |
| अवतरण शुल्क | | **33,231.68** | 30,277.66 |
| पार्किंग एवं हाउसिंग शुल्क | | **1,095.42** | 1,097.84 |
| टर्मिनल दिक्चालन अवतरण प्रभार | | **27,232.13** | 24,994.37 |
| यात्री सेवा शुल्क | | **53,879.47** | 46,954.83 |
| गैर यातायात राजस्व | | | |
| सार्वजनिक प्रवेश शुल्क | | **1,586.60** | 1,466.10 |
| व्यापार रियायतें | | **33,197.82** | 29,882.98 |
| किराया एवं सेवाएं | | **23,569.13** | 22,383.39 |
| कार्गो राजस्व | | **17,624.70** | 17,793.82 |
| हवाई अड्डों को पट्टो पर देने से प्राप्त आय | | **94,097.18** | 82,025.23 |
| अन्य विविध आय | आर | **24,989.84** | 27,722.97 |
| | योग | **4,61,529.34** | 4,18,594.45 |

(सतीश सी0 छतवाल)
सदस्य (वित्त)

(वी0 पी0 अग्रवाल)
अध्यक्ष

# 31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष का लाभ हानि विनियोजन लेखा

( ₹ लाख में)

| विवरण | चालू वर्ष 2009–10 | पिछला वर्ष 2008–09 |
|---|---|---|
| **विनियोजन** | | |
| **लाभांश** | | |
| – अंतरिम | **–** | 10,000.00 |
| – प्रस्तावित | **14,250.00** | 3,740.00 |
| **लाभांश पर कर** | | |
| – अंतरिम | **–** | 1,699.50 |
| – प्रस्तावित | **2,366.75** | 635.61 |
| **विशिष्ट आरक्षित को स्थानान्तरित** | | |
| स्थिर आस्तियाँ एवजी आरक्षित | **10,922.37** | 10,529.00 |
| आकस्मिक आरक्षित | **5,461.19** | 5,264.54 |
| अप्रचलन आरक्षित | **5,461.19** | 5,264.54 |
| **सामान्य आरक्षित को स्थानान्तरित** | **64,161.77** | 51,714.47 |
| **योग** | **1,02,623.27** | 88,847.67 |





# 31 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष का लाभ हानि विनियोजन लेखा

( ₹ लाख में)

| विवरण | चालू वर्ष 2009–10 | पिछला वर्ष 2008–09 |
|---|---|---|
| लाभ–हानि लेखा से लाया गया शुद्ध लाभ | **71,228.60** | 68,720.51 |
| विशिष्ट आरक्षित से स्थानान्तरित | **–** | 20,127.16 |
| प्रावधानों / अन्य से स्थानांतरित | **31,394.67** | – |
| **योग** | **1,02,623.27** | 88,847.67 |

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 26.07.2010

**(एम0 सी0 किशोर)**
कार्यपालक निदेशक (निगमित कार्य) एवं कम्पनी सचिव

**(शंकर चौधरी)**
कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा)

**(सतीश सी0 छतवाल)**
सदस्य (वित्त)

**(वी0 पी0 अग्रवाल)**
अध्यक्ष

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

## अनुलग्नक–"ए"

# पूंजीगत लेखा

( ₹ लाख में)

| विवरण | चालू वर्ष 2009–10 | पिछला वर्ष 2008–09 |
|---|---|---|
| 1. वर्ष के आरम्भ में शेष | **57,375.65** | 50,112.65 |
| 2. वर्ष के दौरान वृद्धि | **4,958.00** | 7,263.00 |
| योग | **62,333.65** | 57,375.65 |

## अनुलग्नक–"बी"

# पूंजीगत अनुदान

( ₹ लाख में)

| विवरण | चालू वर्ष 2009–10 | पिछला वर्ष 2008–09 |
|---|---|---|
| निम्नलिखित से प्राप्त अनुदान | | |
| 1. केन्द्रीय सरकार | **13,821.86** | 11,288.61 |
| 2. अन्य | **2,004.98** | 2,604.20 |
| योग | **15,826.84** | 13,892.81 |

## अनुलग्नक–"सी"

# ऋण

( ₹ लाख में)

| विवरण | चालू वर्ष 2009–10 | पिछला वर्ष 2008–09 |
|---|---|---|
| **क. सुरक्षित ऋण** | | |
| रुपये 10,00,000/– प्रति मूल्य के 7.40: सुरक्षित गैर–परिवर्तनीय क्षतिपूर्ति बांड 2013 (श्रेणी 1) जनवरी 22, 2010 को आबंटन की तिथि से तीसरे वर्ष की समाप्ति पर क्षतिपूर्ति के समतुल्य है (बांड समरुपता के आधार पर सुरक्षित है। यह हवाई अड्डा परिसर, अहमदाबाद छावनी, जिसका सर्वे संख्या मौजे सरदारनगर तथा होसूल शहर तालूका पर उपलब्ध गैर–कृषि भूमि को प्रभारित अथवा पार्सल द्वारा दिया जाएगा) | **30,000.00** | – |
| **ख. असुरक्षित ऋण** | | |
| (1) अधिनियम की धारा 23(बी) के अधीन भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया | **4,957.00** | 2,762.00 |
| (2) अन्य | | |
| क. बैंकों से आवधिक ऋण** | **27,780.00** | 15,000.00 |
| ख. अन्य ऋण | **400.00** | 400.00 |
| **ग. विदेशी ऋण** | | |
| (1) विदेशी वित्तीय संस्थाओं से (भारत सरकार द्वारा प्रत्याभूत) | **4,057.41** | 4,842.90 |
| योग | **67,194.41** | 23,004.90 |

** अल्पावधि ऋण (एक वर्ष के भीतर देय अथवा प्रतिदेय)

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

## अनुलग्नक–"डी"

# चालू देयताएं

( ₹ लाख में)

| विवरण | चालू वर्ष 2009–10 | पिछला वर्ष 2008–09 |
|---|---|---|
| **निम्नलिखित हेतु देयता :** | | |
| माल की आपूर्ति/किये गये कार्य–पूंजी | **33,090.66** | 34,332.10 |
| माल की आपूर्ति/किये गये कार्य–राजस्व | **4,541.16** | 8,514.91 |
| वेतन एवं भत्ते तथा अनुग्रह राशि | **90,529.09** | 38,126.15 |
| भविष्य निधि | **–** | 1,478.60 |
| निगम कर | **4,656.74** | 3,566.47 |
| प्रेषण प्रतीक्षाधीन वसूलियाँ | **3,166.54** | 3,034.59 |
| हितकारी निधि | **1,298.37** | 1,602.36 |
| मौसम विभाग व्यय | **4,422.66** | 6,209.80 |
| अन्य व्यय | **27,883.76** | 29,099.96 |
| फुटकर लेनदार | **1,910.30** | 1,331.73 |
| परिसमाप्त क्षतियां | **4,902.18** | 3,112.41 |
| एन्टी हाइजैकिंग व्यय | **14,560.90** | 12,357.63 |
| लंबित कार्य–कर प्रेषण | **462.87** | 519.72 |
| सीआईएसएफ व्यय | **3,785.61** | 7,049.18 |
| प्रतिभूति निक्षेप, जमानत जमा निक्षेप | **21,327.17** | 14,995.24 |
| **प्रोद्भूत ब्याज परन्तु ऋण पर देय नहीं :** | | |
| – भारतीय ऋण | **692.90** | 143.76 |
| – विदेशी ऋण | **0.11** | 0.11 |
| – प्रारम्भिक पूंजी | **–** | 16,760.57 |
| अग्रिम रूप से प्राप्त आय किन्तु अदेय | **1,648.65** | 2,027.43 |
| ग्राहकों से प्राप्त अग्रिम | **6,126.74** | 4,464.23 |
| निक्षेप कार्यों के लिए निक्षेप | **4,974.89** | 3,317.36 |
| विविध जमा राशियां | **4,679.63** | 2,752.75 |
| जेवीसी से अपफ्रंट फीस | **26,967.13** | 27,000.00 |
| योग | **2,61,628.07** | 2,21,797.07 |

## अनुलग्नक–"ई"

# प्रावधान

( ₹ लाख में)

| विवरण | चालू वर्ष 2009–10 | पिछला वर्ष 2008–09 |
|---|---|---|
| **कर** | | |
| (i) आयकर | **3,74,972.34** | 3,17,476.60 |
| (ii) अनुषंगी लाभ कर | **5,900.00** | 5,900.00 |
| (iii) अन्य | **74.29** | 70.00 |
| प्रस्तावित लाभांश | **14,250.00** | 3,740.00 |
| लाभांश पर कर | **2,366.75** | 635.61 |
| उपदान व अन्य सेवानिवृत्ति लाभ | **1,28,105.32** | 1,13,256.87 |
| अन्य | **44,628.89** | 44,801.46 |
| योग | **5,70,297.60** | 4,85,880.53 |

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

## अनुलग्नक–"एफ"

# स्थिर आस्तियां

( ₹ लाख में)

| विवरण | मूल्य ह्रास की दर % | सकल ब्लॉक | | | | मूल्यह्रास | | | | शुद्ध ब्लॉक | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1.04.2009 को | स्थानांतरण सहित जोड़े गये | स्थानांतरण सहित समायोजन, विलोपन | 31.03.2010 तक | 1.04.2009 तक प्रदत्त | वर्ष के दौरान प्रदत्त | विक्रय / स्थानांतरण का समायोजन | कुल 31.03.2010 तक | 31.03.2010 को | 31.03.2009 को |
| भूमि | | | | | | | | | | | |
| फ्रीहोल्ड | | 17,055.56 | 2,729.40 | 55.87 | **19,729.09** | – | – | – | **–** | **19,729.09** | 17,055.56 |
| लीज़होल्ड | | 139.30 | – | – | **139.30** | 13.61 | 1.87 | – | **15.48** | **123.82** | 125.69 |
| **धावन पथ, टैक्सीपथ, एप्रन, सड़के, पुल और पुलिया** | 13.00 | 2,18,302.67 | 48,664.37 | 119.13 | **2,66,847.91** | 1,32,619.80 | 24,136.59 | 25.00 | **1,56,731.39** | **1,10,116.52** | 85,682.87 |
| **फ्रीहोल्ड भवन** | | | | | | | | | | | |
| क) टर्मिनल / अन्य भवन | 8.00 | 17,7911.00 | 43,966.41 | 3465.63 | **2,18,411.78** | 82,262.40 | 15,224.51 | 1,418.33 | **96,068.58** | **1,22,343.20** | 95,648.60 |
| ख) अस्थायी भवन | 100.00 | 2,378.68 | 201.51 | 59.04 | **2,521.15** | 2,377.30 | 201.51 | 59.04 | **2,519.78** | **1.37** | 1.37 |
| ग) रिहायशी | 5.00 | 21,276.29 | 1,017.52 | 446.82 | **21,846.98** | 7,141.56 | 1,063.79 | 183.65 | **8,021.70** | **13825.28** | 14,134.73 |
